
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# लोगों के लिए गैस आपूर्ति किसी चुनौती से कम नहीं

**जिम्मेदार कौन**

## रसोई गैस की होम डिलीवारी नहीं मिलने से लोग है मायूस

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। जिले में वर्तमान समय में लोगों के लिए गैस आपूर्ति किसी चुनौती से कम नही है। बता दें कि लोग खुद गैस सिलैंडर कंधों पर रखकर कतार में खड़े होने को मजबूर हो रहे है। जिले में वर्तमान में दो गैस ऐंजिसिया काम कर रही है। बीते साल 2020 व 2021 में जिला प्रशासन ने जिले की गैस ऐंजेसियों को आदेश दिये कि सीमांत जनपदों के लोगों को बिना किसी परेशानी के उनके घरों में गैस एजेंसियां रसोई गैस की होम डिलीवरी कराये। मगर वही इस आदेश का अब तक धरातल पर भी असर नही पड़ता नजर आ रहा है। जिले के लोगों के लिए गैस ऐंजेंसी द्वारा होम डिलीवरी की सेवा न मिलने से अब तक लोग अभी भी गैस सिलैडर की होम डिलीवरी के लिए मायूस देखे जा सकते है।



सिलैडर के लिए लोगों की लग रही भीड़ कही न कही लोगों की मुश्किले बढ़ा रही है। जिले के लिंक रोड ,टकाना, कुमौड, लासघर रोड व सिनेमा लाइन में लोगों को लंबी कतार में खड़े होते साफ देखा जा सकता है। इस मामले में जिले के वरिष्ठ नागरिक संगठनों के द्वारा इस मामले को लेकर कई बार जिलाधिकारी कार्यालय जाकर अवगत कराया जा चुका है। मगर जिले की इन गैस एजेंसियों ने अब तक जिला प्रशासन के आदेशों का पालन तक नही करने की कोशिश की। ऐसे हालात में जिले के लोगों की मजबूरी है कि उन्हें अपने जरूरी कामकाज छोड़कर रयोई गैस की पूर्ति के लिए लाइन में खड़े होना पड़ रहा है। जिले में गैस की दोनों गैस ऐंजेंसियों द्वारा अलग–अलग स्थानों पर गैस सिलेंडर के वितरण के स्थान बनाये गये है।

जिले के स्थानीय लोगों ने जिले के जिला प्रशासन से इस मामले पर गैस ऐंजेंसियों से जल्द वार्ता कर घरों में तत्काल रसोई गैस की होम डिलीवरी कराये जाने की मांग तेज कर दी है। इस बारे में गैस ऐंजेंसी के संचालक ने कहा है कि वर्तमान में हमारे पास सिलेंडर ढ़ोने के लिए मजदूरों की खासी किल्लत बनी हुई है। जिला प्रशासन अगर अनुमति दे तो हम हर हाल में भीड़ कम होने के प्रयास करने के साथ ही होम डिलीवरी जल्द शुरू करने के लिए कमर कस लेगे। जिले में रसोई गैस का पूरा बैकलोग है। मजदूरों की कमी के चलते दिक्कतें सामने आ रही है रसोई गैस की होम डिलीवरी करने मे।

## न्यूज डायरी

### पेंशन अकाउंट से कटौती बंद करने की उठी मांग

**संवाददाता** चौखुटिया। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन की ब्लाक स्तरीय अधिवेशन में स्वास्थ्य गोल्डन कार्ड के नाम पर पेंशन से कटौती को स्थायी रूप से बंद करने की मांग उठी। अन्य लंबित पड़ी मांगों व समस्याओं पर विचार मंथन कर उनके निस्तारण के लिए संगठन को मजबूत बनाने की वकालत की गई। इसके लिए वक्ताओं ने सभी सरकारी पेंशनरों से संगठन के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। नगर के संगेला लाज में आयोजित ब्लाक स्तरीय पांचवें वार्षिक अधिवेशन में पेंशनरों की समस्याओं गहन चर्चा की गई तथा कई प्रस्ताव पारित किए गए। मांग की गई पेंशनरों को 65 साल में 5 प्रतिशत, 70 साल में 10 प्रतिशत, 75 साल में 15 फीसद व 80 साल की उम्र में 20 प्रतिशत पेंशन में बढ़ोतरी का लाभ दिया जाए।

### हाईकोर्ट ने श्रमिकों के हित में सुनाया फैसला, कंपनी की याचिका खारिज

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने सिडकुल पंतनगर में मैसर्स भगवती प्रोडक्ट लिमिटेड माइक्रो मैक्स कंपनी प्रबंधन की ओर से 302 श्रमिकों की छंटनी से संबंधित याचिका पर सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की एकलपीठ ने श्रमिकों के हित में आदेश पारित करते हुए कंपनी की याचिका को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने औद्योगिक विवाद अभिकरण हल्द्वानी के इस संबंध में दिए गए निर्णय को सही ठहराया। मैसर्स भगवती प्रोडक्ट लिमिटेड श्रमिक यूनियन की ओर से वर्ष 2018 में औद्योगिक विवाद अभिकरण हल्द्वानी में वाद दायर कर कहा गया कि कंपनी ने 302 श्रमिकों की छंटनी केंद्रीय औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 25 एन के विरुद्ध जाकर कर दी है।

### बैंक लूट में बरेली से चार व हल्द्वानी से दो को पूछताछ के लिए उठाया

**संवाददाता** खटीमा। झनकट ऑफ बड़ौदा बैंक में दो नकाबपोश बदमाशों द्वारा की गई लूट के मामले में पुलिस ने बरेली से चार व हल्द्वानी से दो लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। इन सभी ने कुछ दिन पूर्व बैंक में सिविल वर्क किया था। पुलिस ने संदेह के आधार पर उनसे जानकारी हासिल करने में जुटी हुई है। झनकट कस्बे में सितारगंज मार्ग स्थित बैंक ऑफ बडौदा की शाखा में बुधवार को दो नकाबपोशों ने गन प्वाइंट पर शाखा प्रबंधक कुसुमलता समेत चार कर्मियों को बंधक बनाकर कैश में रखी 4.83 लाख रुपए की नगदी लूट ली थी। जिसके बाद बदमाश भाग निकले थे। वहीं पुलिस ने गुरुवार को फिर शाखा प्रबंधक व बैंक कर्मियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। फिलहाल अभी तक पुलिस के हाथ कोई ठोस क्लू नहीं लग सका है। जिससे वह आरोपितों तक पहुंच सके।

## घर में गुलदार घुसने से अफरा तफरी, रेंजर अधिकारी घायल

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश में मीरा नगर गली नंबर 14 में बृहस्पतिवार सुबह एक घर में गुलदार घुसने से दहशत मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया। आसपास के लोगों ने बताया कि गुलदार एक निर्माणाधीन भवन के अंदर घुसा है। इस दौरान ऋषिकेश रेंज अधिकारी ललित मोहन सिंह नेगी और एक कर्मचारी निर्माणाधीन भवन के अंदर गुलदार को पकड़ने के लिए घुसे। जैसे ही वह कमरे के अंदर घुसे गुलजार वहां से बाहर की ओर भाग निकला। इस दौरान गुलदार ने रेंज अधिकारी को भी घायल कर दिया।

गुलदार यहां से निकलने के बाद पास ही एक प्लॉट में केले के पेड़ के पीछे छुप गया। गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने के लिए विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। करीब पांच घंटे तक गुलदार केले के पेड़ के पीछे छुपा रहा और फिर यहां से भी भाग निकला। इसके बाद वह गेहूं की खेती में जा घुसा। गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम मौके पर रेस्क्यू में जुटी हुई है। गुलदार के यहां क्षेत्र में घुसने से लोग डरे हुए। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें अपने बच्चों का डर सता रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस तरह से गुलदार आबादी वाले क्षेत्रों में भी घुस रहा है उससे भय लगना स्वभाविक है। गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।



### मुख्यमंत्री ने 'श्री रामकथा' में किया प्रतिभाग

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हरिद्वार पतंजलि योगपीठ में परम पूज्य श्री मोरारी बापू जी के सानिध्य में आयोजित 'श्री रामकथा' में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने श्री मोरारी बापू एवं पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी राम देव का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवजाति में कथा श्रवण का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिल पाता, जिन्हें मिलता है, वे बड़े भाग्यशाली होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कथा श्रवण से मोक्ष मार्ग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि श्री मोरारी बापू की कथा सुनने का उन्हें दूसरी बार सौभाग्य प्राप्त हुआ है, इससे पूर्व कई वर्षों पहले वे अल्मोड़ा स्थित डोल आश्रम में भी कथा श्रवण कर चुके हैं। इस दौरान पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव , आचार्य बालकृष्ण एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव ने हेमकुण्ड साहिब एवं घांघरिया का किया हवाई निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डा. एस.एस.सन्धु गुरुवार को गोविन्द घाट चमोली पहुंचे। तत्पश्चात हेमकुण्ड साहिब एवं घांघरिया का हवाई निरीक्षण किया। उसके बाद गोविन्द घाट से पुलना सडक और पैदल मार्ग पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। कहा कि गोविन्द घाट से पुलना जाने वाली सडक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हो गयी उसको यात्रा से पहले सुचारू कराने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने गोविन्दघाट गुरूद्वारा में पीडब्लूडी, बीआरओ, पीएमजीएसवाई,जलसंस्थान तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने यात्रा शुरू होने से पहले



कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल,विद्युत की लाइनों को जल्द से जल्द से सुचारू करने के निर्देश दिए। वहीं बीआरओ की सडक पर हो रहे कटान को लेकर देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक ली जाएगी।

वहीं पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए कहा कि जिन जगहों पर सडक क्षतिग्रस्त हुई है उसको दुरस्थ किया जाए और कहा कि जिन कार्यो में देरी होने की संभावना है उन्हें तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने बद्रीनाथ पहुंचकर मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया तथा बीआरओ गैस्ट हाउस में कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों ने उन्हें कार्यों की अद्यतन स्थिति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा जहां पर कार्यों में व्यवधान हो रहा है तुरन्त जिलाधिकारी से मिलकर कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चत करें। कार्यदायी संस्थाओं को कार्यो को समयबद्धता के साथ पूरा करने के साथ टाइमलाइन देने के निर्देश दिए। और कहा कि मैं हर महीने स्वयं निरीक्षण करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है वे स्वयं भी इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं।

### धार्मिक उन्माद, भड़काऊ सामाग्री का प्रसारण रहेगा बंद

**संवाददाता** बागेश्वर। धार्मिक उन्माद, भड़काऊ सामग्री का प्रसारण करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। शिकायत पर दोषी पाए जाने पर दो वर्ष की सजा और जुर्माना भी लगेगा। गुरुवार को कलक्ट्रेट में जनपद में टीवी, केबल चौनलों, रेडियो, एफएम पर प्रसारित होने वाले प्रसारणों को लेकर सतत अनुश्रवण एवं प्राप्त शिकायतों के निवारण को जिला स्तरीय मानिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। डीएम विनीत कुमार ने कहा कि स्थानीय टीवी चौनल, एफएम रेडियो भारत की सम्प्रभुता और अखंडता, राज्य सुरक्षा हितों लोक व्यवस्था, शिष्टता, नैतिकता, न्यायालय की अवमानना, मानहानि या अपराध उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रसारण करेंगे। धार्मिक उन्माद, भड़काऊ सामाग्री का प्रसारण कतई नहीं करेंगे। ऐसा प्रसारण करने में पहली बार दो वर्ष की सजा व जुर्माना दोनों हो सकता है। नियमित निगरानी एवं अनुश्रवण के लिए कमेटी का गठन किया गया है।